<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक– 19.06.2024 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का किया उदघाटन, कहा– नालंदा भारत के सामर्थ्य का देगा परिचय।

2- झारखंड उच्च न्यायालय ने जिला अधिकारियों को शैक्षणिक संस्थानों और धार्मिक स्थलों के आस–पास बार एंड रेस्टोरेंट के संचालन का लाइसेंस जारी नहीं करने का दिया निर्देश।

3- राज्यभर के अधिकांश भागों में आज से अगले तीन दिनों तक हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश का अनुमान, पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा और कोडरमा में हीट वेव की स्थिति बरकरार।

4- गोड्डा के ठाकुरगंगटी प्रखंड के दिग्घी गांव में चेचक बीमारी से कई परिवार पीड़ित, चिकित्सकों ने कैंप लगाकर मरीजों का शुरू किया इलाज, दूसरों को संपर्क में न आने की दी सलाह।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नये परिसर का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने उद्घाटन के पहले विश्व धरोहर नालंदा विश्वविद्यालय के प्राचीन अवशेषों का भी दौरा किया, जिनका नवनिर्मित विश्वविद्यालय से गहरा संबंध है। उद्घाटन समारोह में सत्रह देशों के मिशन प्रमुखों सहित कई प्रतिष्ठित लोग शामिल हुए। मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भविष्य में नालंदा सांस्कृतिक आदान–प्रदान का केंद्र बनेगा। उन्होंने भारत को शिक्षा और ज्ञान का केंद्र बनाने पर जोर दिया।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किश्त कल जारी की। गिरिडीह जिले के पिंडाटांड के किसान शंकर महतो समेत अनेक लोगों को इसका फायदा मिला है। किसानों के खाते में जब राशि मिली तो उन्होंने सरकार का आभार जताया।

*******************

झारखंड हाई कोर्ट ने शैक्षणिक संस्थानों और धार्मिक स्थलों के आसपास बार और रेस्टोरेंट के संचालन पर चिंता जतायी है। अदालत ने जिला अधिकारियों को ऐसी जगहों पर <u>बार और रेस्टोरेंट</u> चलाने की अनुमति नहीं देने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि लाइसेंस की शर्तों के अनुसार रात 12 बजे के बाद किसी भी हालत में बार और रेस्टोरेंट खुला नहीं रखना चाहिए। वहीं अदालत ने नारकोटिक्स क्राइम ब्यूरो के अधिवक्ता से कहा कि सैटेलाइट मैपिंग के जरिए झारखंड के जिलों में अफीम की हो रही खेती का पता लगाने की कोशिश करें। मामले की अगली सुनवाई 26 जून को होगी।

*******************

झारखंड लोक सेवा आयोग–जेपीएससी की 11वीं, 12वीं तथा 13वीं सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा 22 जून से शुरू हो रही है। परीक्षा 24 जून तक दो पालियों में आयोजित होगी। आयोग ने लगभग सात हजार अभ्यर्थियों के लिए रांची जिला में 15 परीक्षा केंद्र बनाये हैं। इस बार कुल 342 पदों पर नियुक्ति होनी है। एडमिट कार्ड डाउनलोड नहीं होने पर अभ्यर्थी 21 जून तक आयोग के पूछताछ काउंटर पर नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि एवं पंजीयन संख्या के साथ आवेदन देकर एडमिट कार्ड ले सकते हैं।

*******************

खूंटी जिले के सदर प्रखंड की मरंगहादा पंचायत के गड़ीगम गांव निवासी लिमसा मुंडा टमाटर की खेती कर अच्छी कमाई का उदाहरण पेश कर रहे हैं।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*******************

मौसम विज्ञान केंद्र ने आज से 22 जून तक राज्य के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना जतायी है। इस दौरान 50–60 किलोमीटर की रफ्तार से हवा चलेगी। जबकि राज्य के छह जिले– पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा, कोडरमा और हजारीबाग में लू की स्थिति बने रहने की संभावना जतायी है।

इधर मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा है कि झारखंड में अगले तीन से चार दिनों के बाद मॉनसून के आने की स्थिति बन रही है।

*******************

सरायकेला जिले के पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने राज्य सरकार से आदित्यपुर में एक नए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और ट्रैफिक डीएसपी का कार्यालय स्थापित करने की अनुशंसा की है। सरायकेला पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इंडस्ट्रियल एरिया बड़े भू–भाग पर है। सरायकेला अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी का लंबा चौड़ा क्षेत्र है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से वहां एक नया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी का कार्यालय और ट्रैफिक डीएसपी के कार्यालय की स्थापना महसूस की जा रही है।

*******************

गोड्डा जिले के ठाकुरगंगटी प्रखंड के दिग्घी गांव में चेचक बीमारी का प्रकोप फैल गया है। इस पर संज्ञान लेते हुए चिकित्सकों की एक टीम गांव पहुंचकर पीड़ितों का इलाज कर रही है। डॉक्टरों ने बताया कि मरीजों को तत्काल विटामिन–ए की खुराक पिलायी गयी है। ओआरएस के पैकेट सहित कई दवाइयां भी वितरित की गयी है।

*******************

- देवघर जिले के छह नव उत्क्रमित प्लस टू स्कूलों में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गयी है। विभागीय निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2024–25 से नामांकन के साथ पढ़ाई भी शुरू करानी है।
- हजारीबाग सेवा सहयोग समिति ने सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों की कई पंचायतों में 150 से भी अधिक चापाकलों की मरम्मत करायी।
- देवघर के जसीडीह थाना क्षेत्र के पुनासी लीलूडीह गांव निवासी सुधीर दास ने उनके दो बैंक के खातों से 42 हजार से अधिक रूपये की अवैध निकासी का मामला साइबर थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।
- जमशेदपुर में 21 जून को विश्व योग दिवस के अवसर पर क्रीड़ा भारती और कोशिश एक मुस्कान के माध्यम से केबुल कंपनी क्रिकेट ग्राउंड में सुबह 6 बजे से योग दिवस का आयोजन किया जायेगा, जिसमें एक हजार से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।
- कोडरमा जिले के नवलशाही थाना के पंचगामा मोड के समीप कल रात एक ऑटो के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसपर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी। वहीं तीन लोग घायल हो गए।

********************

भगवान जगन्नाथ को समर्पित रथ यात्रा सात जुलाई से शुरू हो रही है। नौ दिनों तक चलने वाले इस रथ मेले के आयोजन को लेकर राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में इसकी तैयारी जोर–शोर से की जा रही है। रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ मेला के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन, जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति रांची के साथ है। श्री सिन्हा ने कहा कि मेला के बेहतर आयोजन को लेकर सभी आवश्यक व्यवस्था की जाएगी।

********समाप्त************